# ब्रज में कैसी धूम मची | By Gulshan Kumar |

ब्रज में कैसी धूम मची
जन्मदिन कान्हा जी का आया
सब खुशियाँ मनाओ रे
जन्मदिन कान्हा जी का आया

हाथी घोड़ा पालकी
जय कन्हैया लाल की
नंद के आनंद भयो
जय कन्हैया लाल की

सारे जग में देखो भैया
कैसा है ये हल्ला
माँ यशोदा जी के घर में
आया छोटा लल्ला
ब्रह्मा विष्णु भी देखो जी
खुशी मनाने आए हैं
साथ में हैं गौरा मैया
शिव शंकर भी आए हैं
सब मंगल गाओ रे
जन्मदिन कान्हा जी का आया
ब्रज में कैसी धूम मची
जन्मदिन कान्हा जी का आया

श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी
हे नाथ नारायण वासुदेवा

जन्माष्टमी की रात भैया
कैसी धूम मची है
नाच रहे सब ग्वाल बाल
भक्तों की भीड़ लगी है
नाचे गोकुल और बरसाना
कान्हा जी के प्यार में
घर घर बाँटें लड्डू पेड़े
माखन मिश्री साथ में
चलो उत्सव मनाओ रे
जन्मदिन कान्हा जी का आया
ब्रज में कैसी धूम मची
जन्मदिन कान्हा जी का आया
सब मंगल गाओ रे
जन्मदिन कान्हा जी का आया

हाथी घोड़ा पालकी
जय कन्हैया लाल की
नंद के आनंद भयो
जय कन्हैया लाल की

श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी

हे नाथ नारायण वासुदेवा

नटखट बाँसुरी वाले गोकुल के राजा
मेरी अँखियाँ तरस रही अब तो आजा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%9c-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a5%80-%e0%a4%a7%e0%a5%82%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a4%9a%e0%a5%80-by-gulshan-kumar/